कार्यालय पुलिस आयुक्त, पुलिस कमिश्नरेट, वाराणसी।

प्रेस नोट

दिनांक- 10-07-2024

विषय- पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा यातायात पुलिस लाईन स्थित सभागार में पुलिस पेंशनर्स के साथ गोष्ठी आयोजित की गयीं।

- **पुलिस पेन्शनर्स की घरेलू या विभागीय समस्याओं का समयबद्ध रूप से त्वरित निस्तारण किया जाए।**
- **शस्त्र लाइसेंस, वरासत एवं नवीनीकरण में आ रही समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारीगण को निर्देशित किया गया।**
- **चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बन्धित बिल सत्यापन समयबद्ध रूप से कराये जाने हेतु सम्बन्धित अधिकारीगण को निर्देशित किया गया।**
- **पुलिस पेन्शनर्स के साथ होने वाले साइबर अपराध से बचाव हेतु उन्हे सम्वेदित/जागरूक किया गया।**
- **सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी अपने अनुभवों के जरिये विभाग का सहयोग करें**

आज दिनांक 10-07-2024 को पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी श्री मोहित अग्रवाल द्वारा जनपद के पुलिस पेन्शनर्स के साथ यातायात लाइन स्थित सभागार मे बैठक की गयी। बैठक में पुलिस आयुक्त महोदय द्वारा पुलिस पेन्शनरों की समस्याओं व सुझावों पर परिचर्चा की गयी व पुलिस पेन्शनर्स से संबंधित समस्याओं के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया।

इस दौरान बैठक में संयुक्त पुलिस आयुक्त मुख्यालय एवं अपराध डॉ0 के0 एजिलरसन, अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था श्री एस0 चन्नप्पा, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय श्री श्याम नारायण सिंह, पुलिस उपायुक्त सुरक्षा श्री सूर्यकांत त्रिपाठी, अपर पुलिस उपायुक्त मुख्यालय श्री कृष्ण कांत सरोज, सहायक पुलिस आयुक्त मुख्यालय श्री अमित कुमार पाण्डेय मौजूद रहें।

सोशल मीडिया सेल
पुलिस आयुक्त,
वाराणसी।